विश्व पर्यावरण दिवस-

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने ईवीएम एवं वीवीपेट वेयरहाउस परिसर में किया पौधा रोपण

राज्य के सभी निर्वाचन कार्यालयों में लगाये जायेंगे सोलर सिस्टम एवं वाटर हार्वेस्टिंग

जयपुर, 5 जून। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर रविवार को यहा झोटवाडा स्थित निवारू रोड़ पर निर्वाचन विभाग के ईवीएम एवं वीवीपेट वेयरहाउस केन्द्र पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री प्रवीण गुप्ता ने अशोक का पौधा लगाकर पौधरोपण कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री कृष्ण कुमार एवं वित्तीय सलाहकार श्रीमती अनुपमा शर्मा एवं विशेषाधिकारी श्री सुरेश चन्द्र ने पौधे लगाये। इसके अतिरिक्त जिला प्रशासन के अधिकारियों ने भी विभिन्न प्रजाति के छायादार पौधे परिसर पर लगाये ।

इस अवसर पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री प्रवीण गुप्ता ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर सभी निर्वाचन कार्यालयों में भी विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधे लगाने का कार्यक्रम चलाया गया है। उन्होंने अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा कार्यालयों में पेपरलैस कार्य को बढावा देने पर भी जोर दिया। जिससे कागज के लिए पेडों का अंधाधुंध कटाव को रोका जा सके।

उन्होंने पर्यावरण को स्वच्छ बनाये रखने के लिए प्लास्टिक की थैलियों पर रोक लगाने एवं उनका इस्तेमाल नहीं करने पर जोर दिया। उन्होंने निर्वाचन कार्यालयों के सभी भवनों में सोलर पावर सिस्टम लगाने एवं वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाने के निर्देश दिये।

इस अवसर पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ईवीएम एवं वीवीपेट वेयरहाउस केन्द्र के भवन एवं परिसर का निरीक्षण भी किया तथा परिसर में बनाये गये 15 हजार लीटर पानी के वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को भी देखा तथा इस कार्य की सराहना की।

इससे पूर्व सचिवालय स्थित निर्वाचन विभाग के कार्यालय में भी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पौधा रोपण किया।